पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! punjab national bank

मानव संसाधन विकास अनुभाग
मण्डल कार्यालय आईटीआई चौक, डाबड़ा रोड, हिसार – 125 005
फोन न. 01662-248180,फैक्स - 247771,ई मेल-: cohsrhrd@pnb.co.in

अधीनस्थ संवर्ग में चपरासी (PEON) के पद पर भर्ती हेतु विज्ञप्ति

हिसार एवं भिवानी जिले की विभिन्न शाखाओं के लिए चपरासी के 19 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते है। पदों का वर्गीकरण निम्नानुसार है:-

क्रम संख्या	जिले का नाम	पदों की संख्या	अनुसूचित जाति	पिछड़ा वर्ग	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग	सामान्य वर्ग	अन्य विवरण
1.	हिसार	12	2	3	1	6	कुल 19 रिक्तियों में से : 1 पद –बौद्धिक विकलांगता के लिए आरक्षित और 5 पद- भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित है।
2.	भिवानी	7	2	2	1	2	
	कुल	19	4	5	2	8	

नियुक्ति के लिए पात्रता व शर्तें निम्नानुसार है :

1. दिनांक 01.01.2022 को आयु न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम 24 वर्ष हो।
अधिकतम आयु सीमा में ओ.बी.सी. के लिए 3 वर्ष, ओ.बी.सी. (दिव्यांग) के लिए 13 वर्ष, एस.सी./एस.टी./ के लिए 5 वर्ष .एस.सी./एस.टी.(दिव्यांग) के लिए 15 वर्ष, दिव्यांग के लिए 10 वर्ष, भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवार को 03 वर्ष सैन्य सेवा की अवधि को जोड़ते हुए तथा 1984 के दंगो मारे गए व्यक्तियों के बच्चों /आश्रितों के लिए 3 वर्ष की छूट अनुमन्य है। विभिन्न छूट के पश्चात अधिकतम आयु 45 वर्ष से अधिक न हो।
2. शैक्षणिक योग्यता:- न्यूनतम एवं अधिकतम 12वीं कक्षा (समकक्ष परीक्षा) उत्तीर्ण की हो तथा अँग्रेजी भाषा को पढ़ने व लिखने का मूलभूत ज्ञान होना चाहिए।
3. अभ्यर्थी का चयन दसवीं व बारहवी कक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाएगा जिसमें दसवी में प्राप्त अंकों का 40 प्रतिशत व 12वीं में प्राप्त अंकों को 60 प्रतिशत के आधार पर वरीयता दी जाएगी।
4. वेतनमान - रुपए 14500- 28145 वेतन एवं भत्ते (बैंक नियमानुसार)।
5. जिस जिले में रिक्ति हेतु आवेदन किया जा रहा है, अभ्यार्थी का मूल निवास स्थान वहीं का होना चाहिये।
6. आधी अधूरी व असत्य जानकारी वाले आवेदन पत्र निरस्त कर दिये जायेंगे।
7. भर्ती प्रक्रिया बिना कोई कारण बताए निरस्त की जा सकती है।
8. आवेदन प्रपत्र पंजाब नेशनल बैंक की किसी भी शाखा से प्राप्त किया जा सकता है। उम्मीदवार आवेदन प्रपत्र पर अपना स्वहस्ताक्षरित विस्तृत बायो डाटा नाम ,पिता का नाम, पता, श्रेणी, शैक्षणिक योग्यता, जन्म तिथि, पैन कार्ड, अपना नवीनतम पासपोर्ट साइज़ फोटो तथा संबन्धित दस्तावेज़ों(स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र ,दसवीं व 12वीं कक्षा उत्तीर्ण प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र ,पी.एच. व भूतपूर्व सैनिक का प्रमाण पत्र ,राशन कार्ड) की स्व-प्रमाणित प्रतिलिपियां तथा संबंधित जिले का रोजगार कार्यालय का पंजीकरण नंबर सम्पूर्ण विवरण के साथ दिनांक 28.02.2022 को सायं 05.00 बजे तक बंद लिफाफे में उपरोक्त पते पर प्रेषित करें, जिस पर "**अधीनस्थ संवर्ग में चपरासी(PEON) पद पर भर्ती हेतु आवेदन – 2021-22**" लिखना अनिवार्य है। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र मान्य नही होंगे।

दिनांक: 22.02.2022

मण्डल प्रमुख